ग्रामीण भारत में एक लाख माइक्रो एटीएम का नेटवर्क स्थापित

मुम्बई। स्पाइस मनी ने आज यह घोषणा की है कि उसने ग्रामीण भारत में चल रहे एक लाख स्पाइस मनी माइक्रो एटीएम का एक विशाल एटीएम नेटवर्क स्थापित कर दिया है। एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना इस सफर में उसका एक महत्वपूर्ण कदम है और 1 लाख का आंकड़ा छूना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। देश में अब तक किसी बैंक द्वारा इंस्टॉल किये गये पारंपरिकं एटीएम की अधिकतम संख्या लगभग 60000 है। इसलिये स्पाइस मनी देश का सबसे तेजी से बढ़ रहा माइक्रो एटीएम नेटवर्क है। स्पाइस मनी के माइक्रो एटीएम नेटवर्क पर मासिक आधार पर 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा के ट्रांजैक्शंस होते हैं। वर्ष 2021 में भारत में पारंपरिक बैंकिंग बंद हो गई थी और इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया अकेली बैंक थी, जो भारतीयों को सेवाएं दे रही थी। तब से अब तक भारत ने एक लंबा सफर तय किया है।